This question paper contains **16** printed pages]

*Your Roll No*......................................

**6185**

**B.Com. (Hons.)/Sem. I B**

Paper CH-1.4—BUSINESS LAWS

(Admission of 2011 and onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

*All* questions carry equal marks.

**सभी प्रश्न हल कीजिये ।**

**सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**

1. (*a*) State with reasons, whether the following statements are true *or* false :

(*i*) A void contract is one which is void ab-initio.

P.T.O.

(*ii*) The object of damages, in case of breach of contract is to punish the person, who fails to perform his obligation.

(*iii*) A unilateral mistake cannot become a ground to avoid the contract. 9

(*b*) Explain in detail the position of a minor in contract. 6

(क) कारण बताकर उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं **या** असत्य :

(*i*) शून्य संविदा वह है जो शुरू से ही शून्य है ।

(*ii*) संविदा भंग के केस में क्षतियों का उद्देश्य उस व्यक्ति को दंड देना है जो अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करता है ।

(*iii*) एकतरफा त्रुटि, संविदा का परिहार करने का आधार नहीं हो सकती ।

(ख) संविदा में अल्पायु की स्थिति की सविस्तार व्याख्या कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) (*i*) Consideration must have the value equivalent to the value of the promise made.

(*ii*) Law does not debar a minor from becoming a promisee in a contract.

(*iii*) A contract cannot be discharged on account of strikes, lock-outs and civil disorders. 9

(*b*) Explain the doctrine of "Public Policy". Discuss the agreements contrary of Public Policy. 6

(क) (*i*) प्रतिफल का मूल्य वायदे के मूल्य के समतुल्य होना चाहिए ।

(*ii*) कानून एक अल्पायु को संविदा में प्रतिज्ञाती होने से नहीं रोक सकता है ।

(*iii*) संविदा को हड़तालों, तालाबंदियों और सिविल अशांतियों के कारण रद्द नहीं किया जा सकता है ।

(ख) "लोक नीति" के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए । लोक नीति के विपरीत करारों की विवेचना कीजिए ।

2. (*a*) (*i*) Explain the Doctrine of "Caveat Emptor". Is there any exception to it ?

(*ii*) Define the term "Delivery of Goods". State the different modes of effective delivery of goods.

(*iii*) How does the sale differ from an agreement-to-sell ? 9

(*b*) X, delivered his old laptop to Y, for sale, he also instructed Y not to sell below Rs. 10,000. However, Y sold the laptop to Z for Rs. 8,000 and Y misappropriated the sale amount. When X comes to know about the deal, X decided to cancel the deal and demanded his laptop back from Z. Discuss the legal position of all the parties. 6

(क) (*i*) "क्रेता सावधान" सिद्धांत की व्याख्या कीजिए । क्या इसका कोई अपवाद है ?

(*ii*) "माल वितरण" शब्द की परिभाषा दीजिए । प्रभावी तौर पर माल वितरण के विभिन्न तरीकों का उल्लेख कीजिए ।

(*iii*) बिक्री किस प्रकार बिक्री-करार से भिन्न होती है ?

(ख) X ने अपना पुराना लैपटॉप Y को बेचने के लिए दिया और Y को यह हिदायत भी दी कि इसे वह 10,000 रु. से कम में न बेचे । तथापि Y इस लैपटॉप को 8,000 रु. में Z को बेच देता है और Y इस बिक्री की राशि को दुर्विनियोजित कर लेता है । जब X को इस सौदे के बारे में पता चलता है तब X इस सौदे को रद्द करने का निश्चय करता है और Z से अपना लैपटॉप वापस करने की माँग करता है । सभी पार्टियों की विधिक स्थिति की विवेचना कीजिए ।

*Or*

(अथवा)

(*a*) (*i*) "The right to stoppage in transit is an extension of the right of Lien." Comment.

(*ii*) "Custody or control of goods implies 'Property in goods'." Comment. 9

(*b*) X, a lady, handed over her old jewellery to Y, a goldsmith, for purpose of remaking after melting it. Every evening as soon as Y's work for the day is over, lady used to took the semifinished jewellery and put it in a box and kept the box in Goldsmith's shop, but carry the key of the box with her. One night the *jewellery* was lost from the box. Explain the liability of the Goldsmith in this regard. 6

(क) (*i*) "संक्रमण के दौरान 'रोकने का अधिकार', पुनर्ग्रहणाधिकार का विस्तार है ।" टिप्पणी कीजिए ।

(*ii*) "माल की अभिरक्षा अथवा माल का नियंत्रण का निहितार्थ है 'माल में संपत्ति' ।" टिप्पणी कीजिए ।

(ख) X नामक एक महिला ने Y नामक एक सुनार को अपने पुराने आभूषण इसलिए दिए कि वह इन्हें गलाकर फिर से बनाएगा । प्रति शाम जैसे ही Y का दिन का कार्य समाप्त होता वह महिला अपने आभूषणों को लेकर एक बक्से में रखती और बक्से को सुनार की दुकान में रख देती है, परन्तु बक्से की चाभी अपने पास रखती । एक रात आभूषण बक्से में से गायब हो गए । इस संबंध में सुनार के दायित्व की व्याख्या कीजिए ।

3. (*a*) (*i*) Define and explain the essential features of Limited Liability Partnership (L.L.P.).

(*ii*) Who can be appointed as designated partner in an L.L.P. ? Also discuss the procedure of his appointment.

(*iii*) Discuss briefly the powers and duties of auditors of an L.L.P. 9

(*b*) Explain the procedure and effects of conversion of a partnership into L.L.P. 6

(क) (*i*) सीमित दायित्व भागीदारी (L.L.P.) को परिभाषित कीजिए और उसकी मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

(*ii*) सीमित दायित्व भागीदारी में किसे निर्दिष्ट भागीदार नियुक्त किया जा सकता है । साथ ही उसकी नियुक्ति की प्रविधि की विवेचना कीजिए ।

(*iii*) सीमित दायित्व भागीदारी के लेखा-परीक्षकों की शक्तियों और ड्यूटियों की संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(ख) किसी भागीदारी को सीमित दायित्व भागीदारी में बदलने की प्रविधि और प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) (*i*) How can an L.L.P. be incorporated and registered under L.L.P. Act, 2008 ?

(*ii*) How can a person become a partner of an L.L.P. ? What are the disqualifications for becoming a partner in an L.L.P. ?

(*iii*) Explain the duties of a liquidator under L.L.P. Act, 2008. 9

(*b*) Explain the winding up of an L.L.P. Discuss the various grounds under which an L.L.P. can be wound up by the Court. 6

(क) (*i*) सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 के अंतर्गत किस प्रकार सीमित दायित्व भागीदारी को समाविष्ट और रजिस्टर किया जा सकता है ?

(*ii*) एक व्यक्ति किस प्रकार सीमित दायित्व भागीदारी में भागीदार बन सकता है । सीमित दायित्व भागीदारी में भागीदार न बन सकने की अयोग्यताएँ क्या हैं ?

(*iii*) सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 के अंतर्गत परिसमापक की ड्यूटियों की व्याख्या कीजिए ।

(ख) सीमित दायित्व भागीदारी के समापन की व्याख्या कीजिए । उन विभिन्न आधारों की विवेचना कीजिए जिनके अनुसार सीमित दायित्व भागीदारी का समापन किया जा सकता है ।

4. Do any *five* :

(*i*) Describe the term "Subscriber". Explain the duties of a subscriber under I.T. Act as amended in 2008.

(*ii*) Explain the powers of controller of certifying authority under I.T. Act.

(*iii*) What do you mean by "Cyber Terrorism" as under I.T. Act ?

(*iv*) Explain the duties of certifying authority under I.T. Act.

(*v*) Explain "Digital Signature" under I.T. Act.

(*vi*) Role of certifying authorities. 15

किन्हीं **पाँच** को हल कीजिए :

(*i*) 'अभिदाता' शब्द की व्याख्या कीजिए । आयकर अधिनियम के अंतर्गत, जिसे 2008 में संशोधित कर दिया गया था, अभिदाता की ड्यूटियों की व्याख्या कीजिए ।

(*ii*) आयकर अधिनियम के अंतर्गत प्रमाणक अधिकारी के नियंत्रक की शक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

(*iii*) आयकर अधिनियम के अंतर्गत 'साइबर टेररिज़्म' से आप क्या समझते हैं ?

(*iv*) आयकर अधिनियम के अंतर्गत प्रमाणक अधिकारी की ड्यूटियों की व्याख्या कीजिए ।

(*v*) आयकर अधिनियम के अंतर्गत 'डिजिटल सिग्नेचर' की व्याख्या कीजिए ।

(*vi*) प्रमाणक अधिकारियों की भूमिका ।

*Or*

**(अथवा)**

Do any *five* :

(*i*) Comment "Digital Signature Certificate".

(*ii*) Write a short note on "Electronic Governance".

(*iii*) Explain — The legal recognition of electronic records.

(*iv*) Discuss the objects of I.T. Act.

(*v*) Explain the meaning and punishment for publishing or transmitting obscene material in electronic form.

(*vi*) Computer Network, Computer Resource. 15

किन्हीं **पाँच** को हल कीजिए :

(*i*) 'डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र' पर टिप्पणी कीजिए ।

(*ii*) इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेन्स पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(*iii*) इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डों की विधिक मान्यता की व्याख्या कीजिए ।

(*iv*) आयकर अधिनियम के उद्देश्यों की विवेचना कीजिए ।

(*v*) इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील सामग्री का अर्थ और उसके प्रकाशन अथवा संचार के लिए दंड की व्याख्या कीजिए ।

(*vi*) कम्प्यूटर नेटवर्क, कम्प्यूटर संसाधन ।

5. (*a*) (*i*) Discuss the provision of filing Return of an L.L.P.

(*ii*) Discuss the extent of liability of an L.L.P. 8

(*b*) (*i*) Distinguish between contract of indemnity and contract of guarantee.

(*ii*) Distinguish between Fraud and Misrepresentation. 7

(क) (*i*) सीमित दायित्व भागीदारी का रिटर्न प्रेषित करने की व्यवस्था की विवेचना कीजिए ।

(*ii*) सीमित दायित्व भागीदारी के दायित्व के दायरे की विवेचना कीजिए ।

(ख) (*i*) क्षतिपूर्ति संविदा और गारंटी संविदा में अंतर बताइए ।

(*ii*) कपट और गलतबयानी में अंतर बताइए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) (*i*) Discuss the contents of incorporation documents of an L.L.P.

(*ii*) Explain the legal effect of incorporation of an L.L.P. 7

(*b*) (*i*) Quasi contracts are based on maxim "Nemo debet locupletari ex liena justua" (one cannot enriched at cost of others). Explain the same with suitable examples.

(*ii*) How can the offer and acceptance be revoked ? Explain with the help of an example. 8

(क) (*i*) सीमित दायित्व भागीदारी के निगमन दस्तावेज़ों की विषय-सामग्री की विवेचना कीजिए ।

(*ii*) सीमित दायित्व भागीदारी के निगमन के विधिक प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

(ख) (*i*) अर्ध संविदाएँ "अन्यों की कीमत पर एक व्यक्ति को संवर्धित नहीं किया जा सकता" सूक्ति पर आधारित होती हैं । इस कथन की उपयुक्त उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए ।

(*ii*) प्रस्ताव और उसकी स्वीकृति को कैसे रद्द किया जा सकता है ? एक उदाहरण देकर समझाइए ।